INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 6 **3rd Lang.**	**Department: Hindi**	**Date of submission:**
Question bank and Grammar	**Topic-** समस्या का हल (Story)	**Note: Please complete your work.**

अभ्यास *Exercises*

1. **सही विकल्प चुनिए** ***Choose the correct option*** **-----**

क. रामास्वामी और श्रीधरण कौन थे?

भाई मित्र रिश्तेदार मामा-भानजा

ख. किसने रामास्वामी और श्रीधरण को अपने घर बुलाया?

हेडमास्टर ने कक्षाध्यापिका ने

चित्रा दीदी ने पड़ोसी ने

ग. किसकी गणित की तैयारी पूरी नहीं हुई थी?

श्रीधरण की रामास्वामी की

चित्रा दीदी की सभी की

उत्तर = क. मित्र ख. चित्रा दीदी ने ग. रामास्वामी की

2. किसने, किससे कहा? Who said to whom? ------

कथन	किसने कहा?	किससे कहा?
क. सदैव हँसने-मुसकरानेवाले आज चुपचाप क्यों हैं ?	चित्रा दीदी ने	श्रीधरण और रामास्वामी से
ख. हमारे पापा की आमदनी उतनी नहीं है कि ट्यूशन दिलवा सकें |	श्रीधरण ने	चित्रा दीदी से
ग. फिर तो हो गया तुम्हारी समस्या का हल |	चित्रा दीदी ने	श्रीधरण और रामास्वामी से
घ. यह तो हमने कभी सोचा ही नहीं |	श्रीधरण और रामास्वामी ने	चित्रा दीदी से

3. दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए |

Make sentences with the help of given words.

क. खुश - हमें सदैव खुश रहना चाहिए |

ख. हल - मोहन ने गणित के कठिन सवाल का हल निकाल लिया |

ग. परीक्षा - मैंने परीक्षा में प्रथम आने की कोशिश की |

घ. उदास - रीमा की छोटी बहन उदास है |

ङ. स्वभाव - मेरी माँ का स्वभाव अच्छा हैं |

4. हिंदी अर्थ लिखिए |

Preparation - तैयारी	Nature - स्वभाव
Examination - परीक्षा	Best friend - पक्के मित्र
Easy - आसान	Problem - समस्या
Solution - हल	Income - आमदनी

5. वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए |

क. क्रिकेट खेलनेवाला	क्रिकेटर
ख. बीमारी का इलाज़ करनेवाला	डॉक्टर
ग. विद्यालय में पढ़ानेवाली	शिक्षिका
घ. बगीचे की देखभाल करनेवाला	माली
ङ. जिसकी कोई सीमा न हो	असीम
च. मेहनत करने वाला	मेहनती
छ. जो मर न सके	अमर
ज. जो चित्र बनाता हो	चित्रकार
झ. किसी से भी न डरने वाला	निडर
ञ. जिसके अंदर साहस हो	साहसी

6. दिए गए शब्दों के लिंग बदलिए |

आदमी	-	औरत
अध्यापक	-	अध्यापिका
बंदर	-	बंदरिया
माली	-	मालिन
नायक	-	नायिका
सेठ	-	सेठानी
नाना	-	नानी
नर	-	नारी

7. दिए गए वाक्यों में उचित कारक चिह्न भरिए |

i.	यात्री पेड़ .... नीचे बैठा है |	(के)
ii.	चोर .... हथौड़े .... ताला तोड़ा |	(ने, से)
iii.	रोहन .... दादा जी अस्पताल .... भर्ती हैं |	(के, में)
iv.	दुकानदार ने दस ...... नोट निकालकर श्रुति....... दिया |	(का, को)
v.	आगरा .... पंजाब जाने वाली बस .... लूटमार हो गई |	(से, में)
vi.	गीता .... पालतू बिल्ली पलंग .... नीचे छिप गई |	(की, के)
vii.	मेरी विज्ञान .... पुस्तक मेज़ .... रखी है |	(की, पर)
viii.	मामा जी तनु .... खिलौनें लाए हैं |	(के लिए)
ix.	तोता डाली .... बैठा था |	(पर)
x.	बालक छत .... गिर गया |	(से)

8. दिए गए मुहावरों को उनके सही अर्थ से मिलाइए |

	मुहावरे	**अर्थ**
i.	आँखें दिखाना -	a) सहायता करना
ii.	नाक में दम करना -	b) भूख लगना
iii.	बाएँ हाथ का खेल -	c) गुस्सा करना

iv. हाथ बँटाना - d) बहुत आसान काम

v. पेट में चूहे कूदना - e) खुश होना

vi. चेहरा खिल उठना - f) परेशान करना

उत्तर = i- c, ii- f, iii- d, iv- a, v- b, vi- e

9. सही (√) / गलत (X) बताइए |

i. रामास्वामी और श्रीधरण दोनों एक ही कक्षा में पढ़ते थें | (√)

ii. रामास्वामी और श्रीधरण दोनों के घर अलग-अलग गाँव में थें | (X)

iii. चित्रा दीदी दसवीं कक्षा में पढ़ती थीं | (√)

iv. चित्रा दीदी ने शाम 4 बजे रामास्वामी और श्रीधरण को अपने घर बुलाया | (X)

v. रामास्वामी की विज्ञान की तैयारी पूरी नहीं हुई थी | (X)

vi. श्रीधरण की हिंदी की तैयारी पूरी नहीं हुई थी | (√)

vii. चित्रा दीदी ने रामास्वामी और श्रीधरण की समस्या का हल निकाला | (√)

प्रश्नोत्तर

दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए | *Answer these questions.*

क. रामास्वामी और श्रीधरण का स्वभाव कैसा था?

उत्तर = रामास्वामी और श्रीधरण स्वभाव से बहुत अच्छे थे | वे सदैव हँसते-मुसकराते रहते थें |

ख. चित्रा दीदी ने रामास्वामी और श्रीधरण से क्या पूछा ?

उत्तर = चित्रा दीदी ने रामास्वामी और श्रीधरण से पूछा कि सदैव हँसने-मुसकराने वाले आज चुपचाप क्यों है | दोनों की कुट्टी हो गई है क्या?

ग. रामास्वामी ने क्या समस्या बताई ?

उत्तर = रामास्वामी ने कहा कि परीक्षा निकट आ गई है और मेरी गणित की ओर श्रीधरण की हिंदी की तैयारी अभी भी पूरी नहीं हुई है |

घ. चित्रा दीदी ने समस्या का हल कैसे खोजा ?

उत्तर = चित्रा दीदी ने समस्या का हल इस प्रकार खोजा उन्होंने श्रीधरण से कहा कि तुम रामास्वामी की मदद गणित की तैयारी करने में करोगे और रामास्वामी, तुम श्रीधरण की मदद हिंदी की तैयारी करने में करोगे |

....